# RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II इतिहास 2018

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

**Q.1**

निम्नलिखित में से कौन सा भक्ति संत कृष्ण का उपासक नहीं था?

(A) सूरदास
(B) रामानन्द ✓
(C) वल्लभाचार्य
(D) मीराबाई

**Q.2**

निम्नलिखित में से कौन एक अलवार संत है ?

(A) सुन्दरर
(B) अन्डाल ✓
(C) सुन्दरमूर्ति
(D) अक्क महादेवी

**Q.3**

निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए : (a) शेख निज़ामुद्दीन औलिया (i) कादिरी (b) बहाउद्दीन ज़कारिया (ii) सुहरावर्दी (c) मियां मीर (iii) चिश्ती (d) अहमद सरहिंदी (iv) नक्शबन्दी कूट : (a) (b) (c) (d)

(A) (iii) (iv) (ii) (i)
(B) (iii) (ii) (iv) (i)
(C) (ii) (i) (iii) (iv)
(D) (iii) (ii) (i) (iv) ✓

**Q.4**

निम्नलिखित यूरोपियन व्यापारिक कंपनियों के भारत में आगमन का सही कालक्रम चुनिए :

(A) पुर्तगाली, डच, अंग्रेज, फ्रांसीसी ✓
(B) पुर्तगाली, डच, फ्रांसीसी, अंग्रेज
(C) अंग्रेज, पुर्तगाली, फ्रांसीसी, डच
(D) पुर्तगाली, अंग्रेज, डच, फ्रांसीसी

**Q.5**

भारत में निम्नलिखित में से कौनसी डच बस्ती नहीं थी?

(A) माहे ✓
(B) बालासोर
(C) चिनसुरा
(D) नेगापट्टम

**Q.6**

फ्रांसीसियों द्वारा मद्रास अंग्रेजों को वापस लौटाया गया

(A) एक्स-ला-शैपेल संधि (1748) द्वारा ✓
(B) पाण्डीचेरी की संधि (1754) द्वारा
(C) सालबाई की संधि (1782) द्वारा
(D) मैंगलूर की संधि (1784) द्वारा

**Q.7**

ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है ?

(A) 1609 ई. में कैप्टन हॉकिन्स सूरत में फैक्ट्री खोलने की अनुमति लेने के इरादे से जहाँगीर के दरबार में आया ।

(B) जहाँगीर ने पहले तो अनुमति दे दी परन्तु बाद में पुर्तगालियों के दबाव में आकर मना कर दिया ।

(C) जब अंग्रेजों ने स्वाली में एक पुर्तगाली बेड़े को हरा दिया, तब जहाँगीर ने अंग्रेजों के हित में फरमान जारी किया ।

(D) पुर्तगाली बेड़ा, टॉमस रो के नेतृत्व में हराया गया था । ✓

**Q.8**

बसीन की संधि कौन से आंग्ल-मराठा युद्ध से सम्बन्धित है ?

(A) प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध

(B) द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध ✓

(C) तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध

(D) प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध

**Q.9**

टीपू सुल्तान की मृत्यु के बाद वेलेजली ने किसे मैसूर का शासक बनाया?

(A) कृष्णराज ✓

(B) सलाबत खां

(C) रामराज

(D) आदिल बेग

**Q.10**

बंगाल में द्वैध (दोहरा) शासन किसने समाप्त किया ?

(A) सर जॉन शोर

(B) वॉरेन हेस्टिंग्स ✓

(C) लॉर्ड हेस्टिंग्स

(D) कॉर्नवालिस

**Q.11**

मुगलों के साथ शिवाजी की 1657 में प्रथम मुठभेड़ के समय दक्षिणी मुगल साम्राज्य का सूबेदार/गवर्नर कौन था?

(A) मुरादबख्श

(B) औरंगजेब ✓

(C) शाइस्ता खाँ

(D) जयसिंह

**Q.12**

मूल संविधान में थे :

(A) 392 अनुच्छेद और 6 अनुसूची

(B) 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूची ✓

(C) 394 अनुच्छेद और 8 अनुसूची

(D) 396 अनुच्छेद और 6 अनुसूची

**Q.13**

भारतीय संविधान के 19वें अनुच्छेद में मूलतः कितनी स्वतंत्रताएँ सम्मिलित थीं ?

(A) 5
(B) 6
(C) 7 ✓
(D) 9

**Q.14**

'सॉलिडस' क्या था ?

(A) रोमन साम्राज्य द्वारा जारी स्वर्ण सिक्का ✓
(B) एक यूनानी नाटक
(C) एक प्रकार की रोमन शराब
(D) यूनानी सेना में एक पद

**Q.15**

निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| **भाषा** | **क्षेत्र** |
| :— | :— |

(A) कॉप्टिक - मिस्र
(B) प्युनिक - उत्तरी अफ्रीका
(C) कैल्टिक - स्पेन
(D) अरामाइक - पश्चिमी यूरोप ✓

**Q.16**

निम्नलिखित में से चीनी सभ्यता के विषय में कौन से कथन सही हैं ?

A. शीया वंश चीन का प्राचीनतम ऐतिहासिक वंश है ।
B. शांग वंश शीया वंश के बाद सत्ता में आया ।
C. शि-ह्वांग-टी का अर्थ है प्रथम सम्राट ।
D. सामन्ती व्यवस्था को समाप्त करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को शि-ह्वांग-टी घोषित किया ।

सही विकल्प चुनिए :

(A) A, B
(B) A, C
(C) A, B, D
(D) A, B, C, D ✓

**Q.17**

निम्नलिखित में से, चीनी सृष्टि विषयक आख्यानों के अनुसार, सृष्टिकर्ता कौन था ?

(A) पान-कू ✓
(B) लोंग वांग
(C) नुवा
(D) नेज़ा

**Q.18**

सक्कारा के सीढ़ीदार पिरामिड का निर्माण किस शासक की कब्र के रूप में किया गया था ?

(A) फराओ खुफू
(B) अखनातन
(C) जोसेर ✓
(D) खाफ्रे

**Q.19**

रानी क्लियोपेट्रा निम्नलिखित में से किससे संबंधित थी ?

(A) रोम
(B) ग्रीस (यूनान)
(C) मिस्र ✓
(D) मेसोपोटामिया

**Q.20**

किस भौगोलिक क्षेत्र को 'रोमन साम्राज्य का हृदय' कहा जाता है ?

(A) भूमध्यसागर ✓
(B) काला सागर
(C) सहारा रेगिस्तान
(D) राईन और डैन्यूब घाटी

**Q.21**

'हिजरी संवत्' का आरम्भ किया था :

(A) पैगम्बर मुहम्मद ने
(B) अबू बक्र ने
(C) अली ने
(D) उमर प्रथम ने ✓

**Q.22**

निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| **मुस्लिम पद** | **अर्थ** |
|---|---|
| (i) सिरा | (a) कुरान की व्याख्या |
| (ii) हदीथ | (b) पारंपरिक सामाजिक प्रथाएँ |
| (iii) सुन्नह | (c) पैगम्बर के कथनों और कृत्यों के अभिलेख |
| (iv) तफसीर | (d) पैगम्बर की जीवनी |

सही कूट चुनिए :

(A) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(d)
(B) (i)-(a), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(d)
(C) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(a), (iv)-(b)
(D) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(a) ✓

**Q.23**

तुर्कान-ए-चिहलगानी को समाप्त किसने किया?

(A) बलबन ✓
(B) अलाउद्दीन खिलजी
(C) रुकनुद्दीन फिरोजशाह
(D) नासिरुद्दीन महमूद

**Q.24**

'उलटबांसी' का सम्बंध किससे है?

(A) मीराबाई
(B) गुरु नानक
(C) रामानन्द
(D) कबीर ✓

**Q.25**

'दक्षिणापथ' नामक प्राचीन व्यापारिक मार्ग विस्तृत था-

(A) अमृतसर से लाहौर
(B) तक्षशिला से विदिशा
(C) पाटलिपुत्र से प्रतिष्ठान ✓
(D) पाटलिपुत्र से विजयनगर

**Q.26**

निम्नलिखित में से कौन सी अशोक के शासन के समय प्रान्तीय राजधानी नहीं थी ?

(A) तक्षशिला
(B) तोसाली
(C) सुवर्णगिरी
(D) धौली ✓

**Q.27**

निम्नलिखित में से कौनसा अशोक का द्विभाषिक अभिलेख है?

(A) लघमान
(B) शान-ए-कुना ✓
(C) तक्षशिला
(D) शाहबाजगढ़ी

**Q.28**

किस पुराण में आंध्र सातवाहन शासकों की सबसे लंबी सूची है ?

(A) गरुड़ पुराण
(B) नारद पुराण
(C) मत्स्य पुराण ✓
(D) ब्रह्म पुराण

**Q.29**

गुप्त-मुद्राओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं ?

i. गुप्त शासकों ने सुगढ़ स्वर्ण सिक्के जारी किए ।
ii. मुद्राओं का पुरोभाग (चित्त पटल) शासनारूढ़ राजा को विभिन्न मुद्राओं में प्रदर्शित करता है ।
iii. मुद्रा के पृष्ठ भाग पर धार्मिक प्रतीक हैं ।
iv. चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य ने सिंह-हंता प्रकार के सिक्के जारी किए ।

सही कूट चुनिए :

(A) i, iii व iv
(B) ii व iv
(C) i व iv
(D) i, ii, iii व iv ✓

**Q.30**

उन साहित्यिक स्रोतों को चिह्नित कीजिए जो रामगुप्त-ध्रुवदेवी की कथा का उल्लेख करते हैं :

i देवीचन्द्र गुप्तम
ii काव्य मीमांसा
iii हर्षचरित
iv मालती माधव

सही कूट चुनिए :

(A) i व ii
(B) i, ii व iii ✓
(C) i, iii व iv
(D) i, ii, iii व iv

**Q.31**

मुण्डित सिर वाली गुप्तकालीन बुद्ध मूर्ति प्राप्त हुई है :

(A) एरण (मध्य प्रदेश)
(B) मानकुंवर (प्रयागराज) ✓
(C) जूनागढ़ (गुजरात)
(D) उज्जैन (मध्य प्रदेश)

**Q.32**

निम्नलिखित में से कौन सा नाटक भास कृत नहीं है ?

(A) पंचरात्र
(B) कर्णभरम्
(C) रत्नमाला ✓
(D) अविमारकम्

**Q.33**

गुप्तकाल में पूर्वी भारत से होने वाले सामुद्रिक व्यापार का सबसे बड़ा केन्द्र था

(A) भृगुकच्छ
(B) ताम्रलिप्ति ✓
(C) कोरकई
(D) कावेरीपट्टम्

**Q.34**

निम्नलिखित केन्द्रों में से कौन सा शुंग कला का केन्द्र नहीं था?

(A) वल्लभी ✓
(B) बोधगया
(C) सांची
(D) भरहुत

**Q.35**

हर्ष को 'सकलोत्तरापथनाथ' कहा गया है

(A) चालुक्य अभिलेखों में ✓
(B) सि-यू-की में
(C) हर्षचरित् में
(D) रत्नावली में

**Q.36**

विद्वान्, जो हर्षवर्धन के दरबार में नहीं था -

(A) बाणभट्ट
(B) मयूरभट्ट
(C) मातंग दिवाकर
(D) मयूर शर्मन ✓

**Q.37**

राजपूत प्रशासन में आय और व्यय का विवरण रखने वाले अधिकारी का नाम था :

(A) संद्विविग्रहिक
(B) अक्षपटलिक ✓
(C) भाण्डागारिक
(D) महाप्रतिहार

**Q.38**

पल्लवों के काल में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था -

(A) काञ्ची ✓
(B) विक्रमशिला
(C) उज्जयनी
(D) तक्षशिला

**Q.39**

संगमयुगीन मंत्रियों के पद का वास्तविक नाम था :

(A) अमैच्चार ✓
(B) सुरभ
(C) मंत्री
(D) अमात्य

**Q.40**

कौन सा इण्डोनेशिया का विशालतम हिन्दू मन्दिर त्रिमूर्ति - ब्रह्मा, विष्णु, शिव (महेश) को समर्पित है ?

(A) अंगकोरवाट मन्दिर
(B) अयुत्थया मन्दिर
(C) प्रम्बनन मन्दिर ✓
(D) बोरोबुदुर मन्दिर

**Q.41**

अंगकोर वाट के प्रसिद्ध विष्णु मंदिर का निर्माण किस शासक ने करवाया-

(A) जयवर्मन पंचम
(B) यशोवर्मन
(C) जयवर्मन द्वितीय
(D) सूर्यवर्मन द्वितीय ✓

**Q.42**

निम्न में से कौनसा शहर मुगल काल में एक महत्त्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र नहीं था-

(A) आगरा
(B) बुरहानपुर
(C) लाहौर
(D) गोलकुण्डा ✓

**Q.43**

बदायूँनी के अनुसार अकबर ने जज़िया किस वर्ष समाप्त किया था ?

(A) 1579
(B) 1580
(C) 1564 ✓
(D) 1575

**Q.44**

मुगलकालीन चित्रकार, जो शिकार के चित्र बनाने में निपुण था :

(A) मनोहर ✓
(B) बिशनदास
(C) मंसूर
(D) मुहम्मद नादिर

**Q.45**

निम्नलिखित में से किस मुगलकालीन इमारत में सबसे पहले 'पित्रा ड्यूरा' का प्रयोग किया गया है-

(A) नूरजहाँ का मकबरा
(B) हुमायूँ का मकबरा
(C) बुलंद दरवाजा
(D) एतमाद-उद-दौला का मकबरा ✓

**Q.46**

निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(1) जहाँगीर - विलियम हॉकिन्स
(2) अकबर - टॉमस रो
(3) शाहजहाँ - ट्रेवरनियर
(4) औरंगजेब - मनूची

(A) जहाँगीर - विलियम हॉकिन्स
(B) अकबर - टॉमस रो ✓
(C) शाहजहाँ - ट्रेवरनियर
(D) औरंगजेब - मनूची

**Q.47**

सूची-I में विद्रोहों को सूची-II (स्थान) से सुमेलित कीजिए :

**सूची-I (विद्रोह)**

a. सन्यासी विद्रोह
b. विजयानगरम् विद्रोह
c. वैलुथाम्पी विद्रोह
d. कोलियों का विद्रोह

**सूची-II (स्थान)**

i. गुजरात
ii. त्रावणकोर
iii. बंगाल
iv. आधुनिक आंध्र प्रदेश

**कूट :**

| | a | b | c | d |
| :— | :— | :— | :— | :— |

(A) i ii iii iv
(B) iv iii ii i
(C) iii iv ii i ✓
(D) ii i iv iii

**Q.48**

राजमहल पहाड़ियों में यदि पहाड़िया जीवन का प्रतीक फावड़ा था तो संथालों का प्रतीक था ।

(A) दरांती
(B) हल ✓
(C) कुल्हाड़ी
(D) चाकू

**Q.49**

1857 की क्रांति का महत्वपूर्ण परिवर्तन क्या रहा?

(A) हिंदू-मुसलमान के बीच सांप्रदायिक विभाजन में वृद्धि
(B) कंपनी से क्राउन को शक्ति का स्थानांतरण ✓
(C) सेना की चौकसी में वृद्धि
(D) स्थानीय राजाओं का शासन में महत्व कम

**Q.50**

10 मई, 1857 को मेरठ में कौन सा अफसर कमाण्ड कर रहा था जब सिपाहियों ने क्रांति का ऐलान किया?

(A) जनरल ह्युईट ✓
(B) जनरल ह्युरोज
(C) कर्नल नील
(D) चार्ल्स बैल

**Q.51**

निम्नलिखित में से किस समाचारपत्र को भारत में अंग्रेजी सरकार की कृपा दृष्टि प्राप्त थी?

(A) पायोनियर ✓
(B) मद्रास स्टेण्डर्ड
(C) इण्डियन ओपिनियन
(D) बॉम्बे क्रॉनिकल

**Q.52**

शिकागो में विश्व धर्म संसद में विवेकानंद ने कब भाग लिया ?

(A) 1872
(B) 1890
(C) 1893 ✓
(D) 1901

**Q.53**

केशवचंद्र सेन और उनके समर्थकों ने 1866 में कौन सा समाज बनाया ?

(A) आदि ब्रह्म समाज
(B) प्रार्थना समाज
(C) ब्रह्म समाज ऑफ इंडिया ✓
(D) धर्म समाज

**Q.54**

स्वामी दयानंद सरस्वती की प्रसिद्ध कृति का क्या नाम है , जिसमें उसके विचार प्रकाशित है-

(A) सत्यार्थ प्रकाश ✓
(B) नवजीवन
(C) यंग इंडिया
(D) गीता रहस्य

**Q.55**

1885 ई. में स्थापित बॉम्बे प्रेसीडेन्सी एसोसिएशन संस्था से सम्बन्धित नहीं है-

(A) फिरोजशाह मेहता
(B) बदरुद्दीन तैयबजी
(C) के. टी. तैलंग
(D) देवेन्द्रनाथ टैगोर ✓

**Q.56**

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम, 1878 | i. लॉर्ड चेम्सफोर्ड |
| b. इंडियन यूनिवर्सिटी अधिनियम, 1904 | ii. लॉर्ड कर्जन |
| c. भारतीय कौंसिल अधिनियम, 1909 | iii. लॉर्ड लिटन |
| d. रोलट अधिनियम, 1919 | iv. लॉर्ड मिण्टो |

**कूट :**

| a | b | c | d |
|---|---|---|---|

(A) i iv iii ii
(B) ii iii i iv
(C) iii ii iv i ✓
(D) iv ii iv i

**Q.57**

भारत सरकार अधिनियम, 1919 महत्त्वपूर्ण है क्योंकि उसने शुरू किया :

(A) पृथक प्रतिनिधित्व
(B) द्वैध शासन ✓
(C) प्रांतीय स्वायत्तता
(D) केन्द्र और प्रांतीय सरकारों में विषयों का विभाजन

**Q.58**

कौन सा युग्म सही सुमेलित है ?

(A) मेयो - इंडियन रेलवे की शुरुआत
(B) नॉर्थब्रुक - प्रिंस ऑफ एडिनबर्ग की भारत यात्रा
(C) लिटन - दिल्ली दरबार का आयोजन ✓
(D) रिपन - भारत की द्वितीय जनगणना

**Q.59**

किस वर्ष में सिविल सेवा परीक्षा की अधिकतम आयु 19 वर्ष की गई ?

(A) 1860
(B) 1862
(C) 1866
(D) 1878 ✓

**Q.60**

हॉलैंड का प्रसिद्ध मानवतावादी साहित्यकार कौन था जिसे 'एक विश्व नागरिक' की संज्ञा दी गई ?

(A) इरैस्मस ✓
(B) सर्वेंटीस
(C) मोन्टेन
(D) बोकासियो

**Q.61**

किस पुस्तिका में मार्टिन लूथर ने संन्यासी जीवन को निरर्थक बताया है और धर्मपुरुषों के विवाह की अनुशंसा की है ?

(A) सेप्टेम्बर टेस्टामेंट
(B) दि बेबीलोनियन कैप्टिविटी ऑफ दी चर्च
(C) ऑन मोनास्टिक वोज ✓
(D) नाइन्टी-फाइव थीसिस

**Q.62**

सेप्टेम्बर टेस्टामेंट के नाम से जाना जाता है :

(A) पीटर वाल्डो के सिद्धान्त
(B) लूथर द्वारा किया गया बाइबिल का जर्मन में अनुवाद ✓
(C) जॉन हस्स की शिक्षाओं का संकलन
(D) जॉन वाईक्लिफ द्वारा किया गया बाइबिल का अंग्रेजी में अनुवाद

**Q.63**

अंग्रेज सैनिकों और उपनिवेशकों के मध्य कौन सा युद्ध 17 जून, 1775 को लड़ा गया ?

(A) कोनकोर्ड और लेक्सिंग्टन की लड़ाइयाँ
(B) बंकर हिल का युद्ध ✓
(C) चार्ल्सटन का युद्ध
(D) साराटोगा का युद्ध

**Q.64**

अठारहवीं शताब्दी में अमेरिका के अंग्रेजी उपनिवेश शासित थे :

(A) स्थानीय असेम्बली द्वारा जिसे योग्य मतदाताओं द्वारा निर्वाचित किया गया । ✓
(B) ब्रिटेन द्वारा प्रत्यक्ष सीधा शासन
(C) स्थानीय असेम्बली द्वारा जिसमें स्वतंत्र शासक थे
(D) स्थानीय सामंती प्रमुख द्वारा

**Q.65**

अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रथम महाद्वीपीय कांग्रेस का आयोजन किया गया था :

(A) फिलाडेल्फिया में ✓
(B) कैलीफोर्निया में
(C) जॉर्जिया में
(D) बोस्टन में

**Q.66**

फ्रांस के किस वित्तीय प्रबन्धक ने अपने आर्थिक कार्यक्रम की घोषणा की - "न दिवालियापन, न करों में वृद्धि और न अधिक ऋण" ?

(A) तुर्गो ✓
(B) नेकर
(C) कैलोन
(D) ब्रिसो

**Q.67**

थर्मीडोरियन प्रतिक्रिया (फ्रांस की क्रान्ति के दौरान) से आशय है :

(A) आतंक के शासन की समाप्ति ✓
(B) आतंक के शासन का आरम्भ
(C) नेपोलियन का सत्तारूढ़ होना
(D) राष्ट्रीय सभा द्वारा संविधान की घोषणा

**Q.68**

तिलसित की सन्धि किन दो राष्ट्रों के मध्य 1807 में की गई ?

(A) फ्रांस और प्रशिया
(B) फ्रांस और रूस ✓
(C) फ्रांस और ऑस्ट्रिया
(D) फ्रांस और ब्रिटेन

**Q.69**

कौन सी मशीन वाटर फ्रेम और स्पिनिंग जैनी का मिश्रण थी ?

(A) फ्लाइंग शटल
(B) स्पिनिंग म्यूल ✓
(C) कॉटन जिन
(D) स्टीम इंजन

**Q.70**

कॉटन जिन का आविष्कार किसने किया ?

(A) जैथ्रो टुल
(B) तरनिप टाउनशैंड
(C) इली व्हिटनी ✓
(D) जेम्स वाटकिन

**Q.71**

निम्न में से कौन सा वाणिज्यवाद का आधारभूत सिद्धांत है ?

(A) प्रशुल्क अवरोधों से बचना चाहिये ।
(B) मूल देश के लिए उपनिवेश आवश्यक नहीं है ।
(C) सरकार की अर्थव्यवस्था में भागीदारी की सीमा होनी चाहिए ।
(D) देश को स्वर्ण एवं रजत की आपूर्ति को बढ़ाने के लिए व्यापार का संतुलन अनुकूल बनाए रखना चाहिये । ✓

**Q.72**

प्लोम्बियर्स का समझौता किनके मध्य जुलाई 1858 में हुआ था ?

(A) कैवूर और नेपोलियन III ✓
(B) मैजिनी और नेपोलियन III
(C) गैरीबाल्डी और नेपोलियन III
(D) नेपोलियन III और बिस्मार्क

**Q.73**

राजनीतिक एकीकरण से पूर्व जर्मनी के आर्थिक एकीकरण में किस व्यवस्था ने योगदान दिया ?

(A) मेटरनिख पद्धति
(B) ज़ोलवरिन ✓
(C) फ्रैंकफर्ट संसद
(D) राइन संघ

**Q.74**

जर्मनी के एकीकरण में ऑस्ट्रिया और प्रशिया के मध्य निर्णायक युद्ध कहाँ लड़ा गया ?

(A) सीडान
(B) सेडोवा ✓
(C) क्रीमिया
(D) लीपज़िग

**Q.75**

अमेरिका ने प्रथम विश्व युद्ध में कब भाग लिया ?

(A) 1914
(B) 1915
(C) 1916
(D) 1917 ✓

**Q.76**

प्रथम विश्व युद्ध से पूर्व हुये गठबंधनों को सुमेलित कीजिये :

| **प्रथम विश्वयुद्ध पूर्व गठबंधन** | **वर्ष** |
|---|---|
| (a) ट्रिपल एलायंस | (i) 1882 |
| (b) इंग्लैण्ड-फ्रांस सन्धि | (ii) 1894 |
| (c) रूस-फ्रांस सन्धि | (iii) 1904 |
| (d) ट्रिपल एतान्त | (iv) 1907 |

**कूट :**

(a) (b) (c) (d)

(A) (i) (iii) (ii) (iv) ✓
(B) (i) (ii) (iii) (iv)
(C) (ii) (i) (iv) (iii)
(D) (iv) (iii) (i) (ii)

**Q.77**

1920 में 25 सूत्री नाज़ी कार्यक्रम की रचना किसने की ?

(A) गोरिंग
(B) हिटलर ✓
(C) ज्योबल्स
(D) गोटफ्राइड फीडर

**Q.78**

इटली ने 1936 में किस अफ्रिकन राज्य पर अधिकार किया ?

(A) इरिट्रिया
(B) सोमालीलैण्ड
(C) मोरक्को
(D) अबीसीनिया ✓

**Q.79**

निम्नलिखित देशों में से किस देश ने सुरक्षा के उद्देश्यों से 'मेजिनो लाईन' का निर्माण कराया था ?

(A) जर्मनी ने
(B) इटली ने
(C) फ्रांस ने ✓
(D) ऑस्ट्रिया ने

**Q.80**

निम्न शासकों को उनके वंश से सुमेलित कीजिए :

| शासक | राजवंश |
|---|---|
| (a) विजयालय | (iv) चोल |
| (b) पुलकेसिन I | (i) चालुक्य |
| (c) सिंहवर्मन | (ii) पल्लव |
| (d) विजयादित्या | (iii) चालुक्य |

कूट :
(a) (b) (c) (d)

(A) (iii) (ii) (i) (iv)
(B) (i) (iii) (iv) (ii)
(C) (iv) (i) (ii) (iii) ✓
(D) (ii) (iv) (iii) (i)

**Q.81**

सुमेलित कीजिए :

| स्मारक | स्थान |
|---|---|
| (a) मेगुटी मंदिर | (i) पट्टदकल |
| (b) पापनाथ मंदिर | (ii) ऐहोल |
| (c) गंगावतरण प्रतिमा | (iii) दारासुरम |
| (d) ऐरावतेश्वर मंदिर | (iv) महाबलीपुरम् |

सही कूट चुनिए :
(a) (b) (c) (d)

(A) (ii) (i) (iv) (iii) ✓
(B) (i) (ii) (iii) (iv)
(C) (iv) (i) (iii) (ii)
(D) (iv) (iii) (ii) (i)

**Q.82**

किस चोल शासक ने हेमगर्भ व तुलाभार यज्ञों का सम्पादन किया-

(A) करिकाल
(B) राजेन्द्र प्रथम
(C) परांतक प्रथम ✓
(D) राजराज प्रथम

**Q.83**

शिवाजी की सामरिक नीति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(a) शिवाजी की सामरिक व्यवस्था में किले महत्त्वपूर्ण घटक थे ।
(b) विश्वासघात से बचने के लिए प्रत्येक किले का अधिभार समान स्तर के तीन व्यक्तियों पर था ।
उपर्युक्त में से कौन सा / कौन से कथन सत्य है/हैं ?

(A) केवल (a) सत्य है ।
(B) केवल (b) सत्य है ।
(C) ना तो (a) और ना ही (b) सत्य है ।
(D) (a) और (b) दोनों सत्य हैं । ✓

**Q.84**

शिवाजी के राज्य के चार दक्षिणी प्रांतों में से एक प्रांत का प्रान्तपति था :

(A) अन्नाजी दत्तो ✓
(B) मोरो त्रयम्बक पिंगले
(C) दत्तोजी पंत
(D) शिवाजी स्वयं

**Q.85**

सुमेलित कीजिए :

(a) सुभाष चंद्र बोस (i) संविधान सभा के अध्यक्ष
(b) वल्लभभाई पटेल (ii) राज्य मंत्रालय की स्थापना
(c) सी. राजगोपालाचारी (iii) भारतीय स्वतंत्रता लीग के अध्यक्ष
(d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (iv) भारत की साम्प्रदायिक समस्या का हल निकालने की योजना तैयार की ।

**कूट :**

**(a) (b) (c) (d)**
(1) (ii) (i) (iii) (iv)
(2) (iii) (ii) (iv) (i)
(3) (iv) (iii) (ii) (i)
(4) (iii) (iv) (i) (ii)

(A) (ii), (i), (iii), (iv)
(B) (iii), (ii), (iv), (i) ✓
(C) (iv), (iii), (ii), (i)
(D) (iii), (iv), (i), (ii)

**Q.86**

चुनाव के परिणाम में अपने अल्पमत को देखकर मुस्लिम लीग ने 16 अगस्त 1946 को कौन सा दिवस मनाया था?

(A) अप्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस
(B) प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस ✓
(C) शोक दिवस
(D) विधि विधान परिषद दिवस

**Q.87**

'यंग इटली' का संस्थापक था :

(A) बिस्मार्क
(B) मैजिनी ✓
(C) कैवूर
(D) गैरीबाल्डी

**Q.88**

समाजवादी पत्र 'अवाण्टी' का सम्पादक था :

(A) हिटलर
(B) हिमलर
(C) मैजिनी
(D) मुसोलिनी ✓

**Q.89**

निम्नलिखित में से कौन सा लेनिन की प्रसिद्ध 'अप्रैल थीसिस' का हिस्सा नहीं था ?

(A) युद्ध का अन्त
(B) बैंकों का राष्ट्रीयकरण
(C) भूमि का किसानों को हस्तांतरण
(D) जार को गलत कामों के लिए सजा ✓

**Q.90**

1911 की क्रान्ति के समय चीन पर किस राजवंश का शासन था ?

(A) मिंग
(B) हान
(C) चिन
(D) मंचू ✓

**Q.91**

निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(A) मॉस्को सम्मेलन - 19-30 अक्टूबर, 1943 ✓
(B) अटलांटिक चार्टर - 14 अगस्त, 1941
(C) डम्बर्टन ओक्स सम्मेलन - 21 अगस्त - 7 अक्टूबर, 1944
(D) याल्टा सम्मेलन - 4-11 फरवरी, 1945

**Q.92**

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना निम्नलिखित में से किस सम्मेलन की शर्तों के तहत हुई थी ?

(A) ब्रैटन वुड्स सम्मेलन ✓
(B) याल्टा सम्मेलन
(C) तेहरान सम्मेलन
(D) सेन फ्रांसिस्को सम्मेलन

**Q.93**

संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर पर कहाँ हस्ताक्षर हुए ?

(A) न्यूयॉर्क
(B) सेन फ्रांसिस्को ✓
(C) हेग
(D) जेनेवा

**Q.94**

शैक्षिक प्रक्रिया में मुख्य तत्त्व हैं :

(A) अधिगमकर्त्ता, शिक्षक, अधिगम अनुभव
(B) अधिगमकर्त्ता, शिक्षक, अधिगम प्रक्रिया
(C) अधिगमकर्त्ता, अधिगम अनुभव, अधिगम प्रक्रिया, अधिगम परिस्थितियाँ
(D) अधिगमकर्त्ता, शिक्षक, अधिगम अनुभव, अधिगम प्रक्रिया, अधिगम परिस्थितियाँ ✓

**Q.95**

"शिक्षा-मनोविज्ञान, वैज्ञानिक विधि से प्राप्त किये जाने वाले मानव-प्रतिक्रियाओं के उन सिद्धान्तों के प्रयोग को प्रस्तुत करता है जो शिक्षण और अधिगम को प्रभावित करते हैं ।" यह कथन है

(A) साव्रे एण्ड टेलफोर्ड
(B) स्किनर
(C) एलिस क्रो ✓
(D) क्रो एण्ड क्रो

**Q.96**

उस विधि का नाम बताइये जो भविष्यवाणियों के अतिरिक्त कथन-कारण सिद्धान्त पर आधारित है -

(A) वर्णनात्मक विधि
(B) सह-सम्बन्ध विधि
(C) अवलोकन विधि
(D) प्रयोगात्मक विधि ✓

**Q.97**

मनोविज्ञान का कौन सा सम्प्रदाय व्यवहार के विश्लेषण में अवचेतन विचारों, भावनाओं एवं स्मृति पर आधारित है ?

(A) व्यवहारवाद
(B) मनोगतिक ✓
(C) संरचनावाद
(D) सामाजिक-सांस्कृतिकवाद

**Q.98**

अधिगम के संज्ञानात्मक क्षेत्र सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ?

(A) सी.एल. हल
(B) कर्ट लेविन ✓
(C) बी.एफ. स्किनर
(D) कोहलर

**Q.99**

"किशोरावस्था वह काल है जिसमें बालक और बालिका मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और शारीरिक रूप से बाल्यावस्था से वयस्कता की ओर बढ़ते हैं।" यह किसने कहा है ?

(A) जीन पियाजे
(B) डोर्थी रोजर्स
(C) जरसील्ड ✓
(D) जे.ए. हेडफील्ड

**Q.100**

निम्नांकित में से किसने किशोरावस्था से संबंधित अध्ययन किए ?

(A) स्टेनले हॉल ✓
(B) बिगे एंड हंड
(C) आइजेंक
(D) थॉर्नडाइक

**Q.101**

विकास के सम्बन्ध में कौन सा कथन गलत है ?

(A) यह गर्भावस्था से प्रारम्भ हो जाता है ।
(B) यह परिवर्तनों का प्रगतिशील क्रम है ।
(C) यह एक सतत् प्रक्रिया है ।
(D) यह परिपक्वता तक चलता है । ✓

**Q.102**

"व्यक्ति अपनी गलतियों से सीखता है।" यह कथन अधिगम के किस सिद्धान्त पर आधारित है ?

(A) शास्त्रीय अनुबन्ध
(B) अन्तर्दृष्टि
(C) प्रयास एवं त्रुटि ✓
(D) यांत्रिक अनुबन्ध

**Q.103**

निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(A) वृद्धि एक जैविक प्रक्रिया है ।
(B) शिक्षण एक लक्ष्य-उन्मुख प्रक्रिया है ।
(C) अधिगम जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है ।
(D) विकास एक मात्रात्मक प्रक्रिया है । ✓

**Q.104**

"हमारे पाठ स्थूल से प्रारम्भ होकर सूक्ष्म में समाप्त होना चाहिये।" यह किसने कहा है ?

(A) रविन्द्रनाथ टैगोर
(B) स्पेन्सर ✓
(C) महात्मा गांधी
(D) अरस्तू

**Q.105**

एक महत्त्वपूर्ण अधिगम सिद्धान्त यह है कि नई अनुक्रिया का सुदृढ़ीकरण किया जाता है -

(A) पुनर्बलन द्वारा ✓
(B) विभेदकारी उद्दीपक द्वारा
(C) प्रतिपुष्टि द्वारा
(D) दंड द्वारा

**Q.106**

संज्ञानात्मक मनोविज्ञान के प्रतिपादक थे -

(A) विलियम जेम्स
(B) जे.बी. वाटसन
(C) कैटल
(D) जीन पियाजे ✓

**Q.107**

अधिगम प्रक्रिया में समस्यात्मक परिस्थिति का प्रत्यय किसने दिया ?

(A) कार्ल रोज़र
(B) गिलफोर्ड
(C) कोहलर ✓
(D) स्किनर

**Q.108**

व्यवहारवाद मनोविज्ञान को बनाता है एक -

(A) प्रवृत्ति
(B) विज्ञान ✓
(C) विशेषता
(D) कौशल

**Q.109**

"मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान नियमों का समूह है जो व्यक्ति को स्वयं तथा दूसरों के साथ शान्ति से रहने के योग्य बनाता है ।" यह किसने कहा है ?

(A) क्रो एंड क्रो
(B) एल.ई. सेफर ✓
(C) कॉलेस्निक
(D) कुप्पुस्वामी

**Q.110**

'पर्सनैलिटी एण्ड दी कल्चरल पैटर्न' नामक पुस्तक किसने लिखी?

(A) प्लान्ट ✓
(B) क्रो व क्रो
(C) फ्रेण्डसन
(D) कुप्पुस्वामी

**Q.111**

आदतों को किसके माध्यम से अर्जित किया जाता है ?

(A) पुनरावृत्ति ✓
(B) वंशानुगति
(C) पर्यावरण/वातावरण
(D) संस्कृति

**Q.112**

गोलमेन के अनुसार, भावनात्मक बुद्धि के कितने भाग होते हैं ?

(A) 5 ✓
(B) 6
(C) 7
(D) 8

**Q.113**

किसी वस्तु या कार्य से जुड़ी भावनायें हैं -

(A) व्यक्तित्व के संज्ञानात्मक घटक
(B) व्यक्तित्व के भावात्मक घटक ✓
(C) व्यक्तित्व के क्रियात्मक घटक
(D) व्यक्तित्व के सभी घटक

**Q.114**

"संचार पारस्परिकता के मूड में विचारों और भावनाओं का साझा करता है ।" यह किसने कहा ?

(A) जे.पी. लीगन
(B) ई.जी. मेयर
(C) एडगर डेल ✓
(D) कीथ डेविस

**Q.115**

शिक्षण के एडवांस ऑर्गनाइजर मॉडल का विकास किया -

(A) फ्लैण्डर ने
(B) जॉन डीवी ने
(C) कार्ल आर. रोजर्स ने
(D) डेविड पी. आसुबेल ने ✓

**Q.116**

चार्ट बनाते समय किस सोपान को ध्यान में रखना चाहिये ?

(A) चार्ट का प्रयोग
(B) चार्ट की सजावट
(C) चार्ट को प्रयोग करने की अवधि
(D) चार्ट की गुणवत्ता ✓

**Q.117**

एक शिक्षण प्रतिमान के कितने तत्व होते हैं ?

(A) 5
(B) 6 ✓
(C) 7
(D) 8

**Q.118**

निम्न में से कौन सा सम्प्रेषण प्रक्रिया के प्रमुख चार तत्त्वों में सम्मिलित नहीं है ?

(A) माध्यम
(B) संदेश
(C) स्रोत
(D) भाषा ✓

**Q.119**

निम्न में से कौन सा इंटरनेट नेटवर्क का घटक नहीं है ?

(A) प्रोटोकॉल
(B) स्पीकर्स ✓
(C) डेटा
(D) मॉडम

**Q.120**

शैक्षिक तकनीकी के मृदु उपागम के जनक थे -

(A) बी.एफ. स्किनर
(B) लुमसडेन ✓
(C) मॉरीसन
(D) ब्लूम

**Q.121**

इस रूप में कम्प्यूटर सहाय अधिगम अधिकाधिक प्रयोगी होगा -

(A) यांत्रिक वातावरण में प्रशिक्षण देना
(B) समूह अधिगम में
(C) व्यक्तिगत सीखने की गति के साथ अधिगम अनुभव प्रदान करना ✓
(D) शिक्षकों की कमी के समय

**Q.122**

CCTV का पूरा नाम है -

(A) क्लोज्ड कॉन्टेक्ट टेलीविजन
(B) क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन ✓
(C) क्लोज्ड सर्किट ट्रांसमिशन
(D) क्लोज्ड सर्किट ट्रांसलेशन

**Q.123**

शिक्षा में शिक्षण मशीन का विकास किसने किया ?

(A) लुमसडेन
(B) ब्लूम
(C) एस.एल. प्रेसी ✓
(D) बी.एफ. स्किनर

**Q.124**

"यूनानी, मिस्र और रोमन सभ्यताएं मिट गई पर भारतीय सभ्यता अभी तक जीवित है।" यह भारतीय सभ्यता की किस विशेषता को इंगित करता है ?

(A) प्राचीनता
(B) आधुनिकता
(C) निरन्तरता ✓
(D) आध्यात्मिकता

**Q.125**

'विविधता में एकता' भारतीय संस्कृति की एक प्रमुख विशेषता है। यह आधारभूत एकता पाई जाती है :

(A) जातियों की एकता में
(B) समुदायों की एकता में
(C) प्रान्तीय एकता में
(D) सांस्कृतिक एकता में ✓

**Q.126**

मर्ग, बुग्याल और पयार प्रसिद्ध चारागाह हिमालय के किस विभाग/डिविजन में स्थित है-

(A) हिमाद्रि
(B) हिमाचल ✓
(C) शिवालिक
(D) पूर्वांचल

**Q.127**

भारत-चीन सीमा की पूर्वी सीमा कहलाती है :

(A) दौकी-तामाबिल
(B) मोरे
(C) मैकमोहन रेखा ✓
(D) डूरंड रेखा

**Q.128**

निम्नलिखित में से भारत का सबसे ऊँचा शिखर कौनसा है-

(A) माउण्ट एवरेस्ट
(B) नंगा पर्वत
(C) कंचनजंगा ✓
(D) नंदादेवी

**Q.129**

निम्नलिखित में से कौन सा नवपाषाणिक स्थल राख के टीले के लिए जाना जाता है ?

(A) गुफकराल
(B) सेनूर
(C) पल्लवाय ✓
(D) चिरांद

**Q.130**

नवपाषाणिक स्थलों को चिह्नित कीजिए जहाँ से चावल की खेती के प्रमाण मिले हैं : (i) कोल्दिहवा (ii) उतनूर (iii) महागडा (iv) मेहरगढ़
सही कूट चुनिए :

(A) (i) व (ii)
(B) (i) व (iv)
(C) (ii) व (iv)
(D) (i) व (iii) ✓

**Q.131**

किस क्षेत्र में नवपाषाण युगीन मानव भूमिगत गड्ढों में रहता था ?

(A) कर्नाटक
(B) असम
(C) कश्मीर ✓
(D) मध्य प्रदेश

**Q.132**

मध्य प्रदेश में आदमगढ़ और राजस्थान में बागोर से प्राचीन साक्ष्य मिले हैं :

(A) चमकदार प्रस्तर उपकरण के
(B) चाँक से बनी पॉटरी के
(C) पालतू जानवरों के ✓
(D) जुते हुए खेत के

**Q.133**

| सही युग्मों को सुमेलित कीजिए : | — — | (a) हड़प्पा | (i) शवाधान आर. 37 | (b) लोथल | (ii) गोदीबाडा | (c) कालीबंगा | (iv) जुता हुआ खेत | (d) मोहनजोदड़ो | (iii) नर्तकी की मूर्ति | कूट : |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

(A) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(B) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii) ✓
(C) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(D) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)

**Q.134**

मोहनजोदड़ो से प्राप्त पशुपति की मुहर पर कौनसा पशु उत्कीर्ण नहीं है?

(A) हाथी
(B) गैंडा
(C) बाघ
(D) बैल ✓

**Q.135**

निम्नलिखित में से कौनसा हड़प्पा सभ्यता स्थल बलूचिस्तान में स्थित है?

(A) सोत्काकोह ✓
(B) रहमान ढेरी
(C) मुंडीगाक
(D) गुमला

**Q.136**

किस हड़प्पाकालीन स्थल से सूचना पट्टा अभिलेख का साक्ष्य मिलता है?

(A) लोथल
(B) मोहनजोदड़ो
(C) धौलावीरा ✓
(D) राखीगढ़ी

**Q.137**

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(1) ऋग्वेद में तैंतीस देवों का उल्लेख है ।
(2) चार आश्रमों का सबसे पहला उल्लेख जाबालोपनिषद् में मिलता है ।
(3) ऋग्वैदिक काल में कुरु, भरत कबीले के विरुद्ध युद्ध करने वाले कबीलों में से एक था ।
(4) चार वर्ण, ऋग्वेद के 10वें मण्डल में उल्लेखित हैं ।

(A) कथन (1)
(B) कथन (2)
(C) कथन (3) ✓
(D) कथन (4)

**Q.138**

राणायणीय संहिता संबद्ध है-

(A) ऋग्वेद से
(B) यजुर्वेद से
(C) सामवेद से ✓
(D) अथर्ववेद से

**Q.139**

'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म' सूक्ति उल्लेखित है-

(A) छान्दोग्य उपनिषद् में ✓
(B) बृहदारण्यक उपनिषद् में
(C) कठोपनिषद् में
(D) केनोपनिषद् में

**Q.140**

महावीर स्वामी ने चतुर्विध संघ की स्थापना कहाँ की थी?

(A) पाटलीपुत्र
(B) पावा ✓
(C) वल्लभी
(D) वैशाली

**Q.141**

निम्नलिखित शासकों में से कौन जैन धर्म के संरक्षक थे ?

(i) शिशुनाग
(ii) खारवेल
(iii) चन्द्रगुप्त मौर्य

(A) (i), (ii) और (iii)
(B) (i) और (ii)
(C) (ii) और (iii) ✓
(D) (i) और (iii)

**Q.142**

गौतम बुद्ध को महापरिनिर्वाण कहाँ प्राप्त हुआ?

(A) तक्षशिला
(B) कौशाम्बी
(C) कुशीनारा (कुशीनगर) ✓
(D) चम्पा

**Q.143**

महायान सम्प्रदाय का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण दार्शनिक ग्रन्थ है :

(A) प्रज्ञापारमिता ✓
(B) वज्रसूची
(C) अवदानकल्पलता
(D) सुत्तनिपात

**Q.144**

निम्न में से कौन सा ग्रंथ वर्ण व्यवस्था की उत्पत्ति के दैविक सिद्धांत की पुष्टि करता है ?

(A) ऋग्वेद ✓
(B) श्वेताश्वतर उपनिषद्
(C) अथर्ववेद
(D) रामायण

**Q.145**

'तजकीरा' से तात्पर्य है :

(A) भू-मापन की पद्धति
(B) 'इक्ता' का पर्याय
(C) प्रशासन की इकाई
(D) जीवनीपरक पुस्तक ✓

**Q.146**

**कथन (A)** : भक्ति संतों ने आम जनता में अपनी शिक्षाओं के प्रसार के लिये क्षेत्रीय भाषाओं को माध्यम बनाया।
**कारण (R)** : उनके समय में फारसी राजकीय भाषा थी।

(A) (A) व (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की ठीक व्याख्या करता है।
(B) (A) व (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की उचित व्याख्या नहीं करता। ✓
(C) (A) सत्य है एवं (R) असत्य है।
(D) (A) असत्य है एवं (R) सत्य है।

**Q.147**

जौनपुर शहर की स्थापना किसने की थी-

(A) अकबर
(B) बाबर
(C) फिरोज तुगलक ✓
(D) हुमायूं

**Q.148**

सल्तनत काल में दीवान-ए-कोही विभाग की स्थापना किसने की थी?

(A) अलाउद्दीन खिलजी
(B) फिरोज तुगलक
(C) मुहम्मद तुगलक ✓
(D) सिकन्दर लोदी

**Q.149**

मुसलमानों के अकीका और बिस्मिल्लाह उत्सव हिन्दुओं के कौन से संस्कारों से प्रभावित हुए ?

(A) गर्भाधान और पुंसवन
(B) सीमंतोन्नयन और जातकर्म
(C) मुंडन और विद्यारंभ ✓
(D) नामकरण और अन्नप्राशन

**Q.150**

भक्ति सन्त और उनके कार्यक्षेत्रों से संबंधित निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(A) शंकरदेव - उत्तर प्रदेश ✓
(B) नामदेव - पंजाब
(C) तुकाराम - महाराष्ट्र
(D) चैतन्य - बंगाल



## Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in